विज्ञापन

Pahalgam Attack: 'आतंकी ये याद रखें, गीता की धरती है भारत', पहलगाम हमले पर भड़के आचार्य प्रशांत

न्यूज डेस्क, अमर उजाला, नई दिल्ली Published by: नितिन गौतम Updated Sun, 27 Apr 2025 10:09 AM IST

सार

आचार्य प्रशांत ने कहा कि 'पहलगाम आतंकी हमला सिर्फ कुछ लोगों द्वारा की गई निर्दयता की घटना नहीं है, बल्कि यह उस नफरत का नतीजा है, जो जड़ें जमा चुकी है और हमें बतौर राष्ट्र इसका सामना करना होगा।'

देश फटाफट: पढ़ें सभी खबरें 60s में

विज्ञापन

NEXT

आचार्य प्रशांत - फोटो : एएनआई

Add as a preferred source on google

विज्ञापन

विस्तार

पहलगाम हमले को लेकर देश के हर वर्ग में गम और गुस्सा है। आध्यात्म से जुड़े लोग भी पहलगाम हमले को लेकर आतंकवाद को कोस रहे हैं। मशहूर लेखक और प्रशांत अद्वैत फाउंडेशन के प्रमुख आचार्य प्रशांत ने भी पहलगाम हमले पर गुस्सा जाहिर करते हुए आतंकियों को चेतावनी दी कि भारत, गीता की धरती है और गीता को मानने वाले कभी भी अन्याय के खिलाफ घुटने नहीं टेकेंगे।

विज्ञापन

'22 लाख बच्चों का भविष्य दांव पर': राहुल बोले- प्रधान के इस्तीफे तक नहीं रुकेंगे; NE...

देश

Maharashtra: 47 दिन बाद मुंबई की सड़कों पर भीख मांगता मिला मेडिकल छात्र, पुलिस ने...

देश

जब महाशक्तियां ही मनमानी पर तुली हों: ब्रिक्स में सटीक रहा भारत का पक्ष, कटघरे में निय...

विचार

विज्ञापन

'कट्टर अज्ञानता के सामने घुटने नहीं टेकेंगे'

आचार्य प्रशांत ने कहा कि 'जो लोग आतंक फैला रहे हैं, उन्हें ये याद रखना चाहिए कि भारत, गीता की धरती है और इसके मानने वाले कभी भी कट्टर अज्ञानता के खिलाफ घुटने नहीं टेकेंगे। गीता में अन्याय के खिलाफ आत्मसमर्पण करने, हार मानने और जीवन के युद्ध से भाग जाने की मनाही है।' आचार्य ने कहा कि 'गीता सिर्फ अमूर्त विचारों का दर्शन नहीं है बल्कि ये साहस से जिंदगी जीने का प्रैक्टिकल मैनुअल है। डर, नफरत और हिंसा आपको चुनौती देंगे, लेकिन गीता कहती है कि हम अपनी आंखें खोलें और सच्चाई को स्वीकारें और पूरी ताकत और स्पष्टता से उसका जवाब दें। जब आप सच के साथ होते हैं तो आपको डर नहीं लगता।'

NEXT

विज्ञापन

भारत-पाकिस्तान में तनाव चरम पर

आचार्य प्रशांत ने कहा कि 'पहलगाम आतंकी हमला सिर्फ कुछ लोगों द्वारा की गई निर्दयता की घटना नहीं है, बल्कि यह उस नफरत का नतीजा है, जो जड़ें जमा चुकी है और हमें बतौर राष्ट्र इसका सामना करना होगा।' बीती 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए बड़े आतंकवादी हमले में 26 पर्यटकों की जान चली गई, जबकि दस से अधिक लोग घायल हुए हैं। यह हमला आतंकी संगठन लश्कर ए तैयबा के सहयोगी संगठन टीआरएफ द्वारा किया गया। पहलगाम हमले के चलते भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया है। भारत ने पाकिस्तान के साथ सिंधु जल समझौता स्थगित कर दिया है और साथ ही सभी पाकिस्तानी नागरिकों को देश छोड़ने का आदेश दिया है।

ये भी पढ़ें- Indian Army: डर की वजह से छटपटा रहा पाकिस्तान, एलओसी पर लगातार तीसरे दिन फायरिंग; भारत ने दिया मुंहतोड़ जवाब

संबंधित वीडियो

Pahalgam Terror Attack: बिलावल भुट्टों के बयान के बाद कांग्रेस सांसद गौरव

Amar Ujala

Watch on

NEXT